# जालौन पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

## सराहनीय कार्य

## कोतवाली उरई पुलिस द्वारा खोये हुये जेवरात व रूपयों को बरामद कर आवेदक को वापस दिये गये।



दिनांक 04.07.2025 समय करीब 19:30 बजे कोतवाली उरई पुलिस को सूचना मिला की तुलसी धाम गेस्ट हाउस के पास एक सफेद रंग का थैला लावारिस पड़ा है प्रकरण की सूचना पर कोतवाली उरई पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर थैला को खोलकर देखा गया जिसमें करीब 200 ग्राम सोने व करीब 500 ग्राम चांदी के जेवरात (कीमत करीब 20 लाख रुपये ) व 4180-/ रुपए भरे हुए थे । आस-पास के लोगो से जानकारी करने से पता चला की एक व्यक्ति जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है वह अपने घर से जेवरात व रुपये को एक थैले में भरकर बाहर डालकर कहीं चला गया है। कोतवाली उरई पुलिस द्वारा व्यक्ति के पिता से बात की गई। जिन्होंने अपने आप को नोएडा में होना बताया जिनके कहने पर उनके परिवारीजन को जेवरात व रुपये सुपुर्द किए गए। जेवरात व रुपयों को पाकर व्यक्ति द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा की गयी।